# Ch 13

प्रश्न.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

1. आप अपनी पाठशाला में किन-किन चीजों की सफाई करते है?

➢ हम अपनी पाठशाला में कमरे, कार्यालय, कुर्सी, मेज, श्यामफलक. रोक्षिक सामग्री तथा मैदान, बगीचा, पायखाना, पेशाबखाना आदि की सफाई करते हैं ।

( 2 ) गंदगी से हमें कौन-कौन-सी बीमारियां होती है?

➢ गंदगी से हमें उलटी, दस्त, जुकाम, बुखार, दाद, खुजली आदि बीमारियां होती हैं।

(3) सफाई के लिए किन-किन चीजों का उपयोग किया जाता है?

➢ सफाई के लिए झाड़ू, तसले, फिनाइल, ब्रश आदि का उपयोग किया जाता है।

( 4) पाठशाला के अलावा आप दूसरी कौन-कौन-सी जगह सफाई का काम करते है?

➢ पाठशाला के अलावा मैं अपने घर की सफाई में मदद करता हूँ। मैं हररोज हमारा पायखाना और स्नानघर साफ करता है। कभी-कभी समूह में हम गाँव की सफाई भी करते हैं।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

( 1 ) अजय के मोहल्ले में मोहन ने क्या देखा?

➢ मोहन ने अजय के मोहल्ले में कूड़ेदान के बाहर फैला हुआ कुड़ा देखा भिनक रही मक्खियाँ और चारों ओर फैली गंदगी देखी।

( 2) मोहल्ले में गंदगी क्यों फैली हुई थी ?

➢ लोग कूड़ेदान में कूड़ा न डालकर, सड़क पर हो डाल देते थे और सफाई की चिंता नहीं करते थे। इसलिए मोहल्ले में गंदगी फैलो हुई थी।

(3) अध्यापक बच्चों को अजय के मोहल्ले में क्यों ले गए?

➢ अध्यापक बच्चों को अजय के मोहल्ले में ले गए, क्योंकि वहा गदगी फैली हुई थी। उसे बच्चों के द्वारा वे साफ करवाना चाहते थे। वे लोगों को समझाना चाहते थे कि कूडा कूड़ेदान में ही डालें, क्योंकि गदगों से रोग फैरलते हैं ।

(4) हम नगरपालिका की मदद कैसे कर सकते हैं?

- हम कूड़ा कूड़ेदान में ही डालकर तथा अपने मोहल्ले की सफाई खु करके नगरपालिका की मदद कर सकते हैं।

(5) हमें अपना घर और मोहल्ला क्यों साफ रखना चाहिए?

- हमें अपना घर और मोहल्ला साफ रखना चाहिए, क्योंकि गंदगी से अनेक रोग फैलते हैं।

प्रश्न 3. नीचे दिए गए विशेषणों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

सुंदर, अच्छा, कोमल, लाल, सफेद

उदा., सुंदर - बाग में सुंदर फूल खिले हैं।

(1) अच्छा - विपुल अच्छा लड़का है।

(2) कोमल -बगीचे में कोमल घास है।

(3) लाल -सुरेखा ने लाल साड़ी पहनी है।

(4) सफेद - मैदान में सफेद गाय चरती है।

प्रश्न 3. (अ) अंगों को काम से मिलाइए:

(1) कान से - गाना सुनते हैं।

(2) आँख से - फिल्म देखते हैं।

(3) नाक से - फूल सूंघते हैं।

(4) पैर से - चलते हैं।

(5) हाथों से- बल्ला घुमाते हैं।

(6) दोतों से - खाना चबाते हैं।

( 7) मुंह से - गाना गाते हैं।

(ब) सही मिलान को वाक्य में लिखिए और क्रिया को रेखांकित कीजिए

(1) हम कान से गाना <u>सुनते हैं</u>।

(2) हम आँख से फिल्म <u>देखते हैं।</u>

(3) हम नाक से फूल <u>संघते हैं</u>।


(4) हम पैर से <u>चलते हैं</u>।

(5) हम हाथों से बल्ला <u>घुमाते हैं।</u>

(6) हम दांतों से खाना <u>चवाते हैं</u>।

(7) हम मुंह से गाना <u>गाते हैं</u>।

प्रश्न 4. नीचे दिए गए दृश्य का वर्णन लिखिए :



यह दीपावली का दृश्य है। दीपावली आश्विन महीने की अमावस दिन मनाई जाती है। दीपावली दीपों का त्यौहार है।पर को दीपक से सजाया गया है। एक लड़का कुछ पटाखे लेकर बैठा है। एक लड़का पटाखे लिए जा रहा है। दूसरी ओर भाई-बहन दोनों मिठाई खा रहे हैं। मां खिड़की से झांक रही है। चित्र में सभी खुश नजर आ रहे हैं।

प्रश्न 5. निम्नलिखित विषयों पर चर्चा करके लिखिए :

मेरा गाँव

- मेरे गाँव का नाम जनकपुर है। मेरा गाँव छोटा है। इसमें बस्ती भी करीब सात सौ लोगों की है। मेरे गाँव में विविध जाति-धर्म के और अलग-अलग व्यवसायवाले लोग रहते हैं। वे सब मिलजुलकर रहते हैं
- मेरे गाँव में एक छोटा-सा बाजार है। एक पाठशाला और एक अस्पताल है। पाठशाला के पास ग्रामपंचायत है। ग्रामपंचायत गाँव की सुविधा का ध्यान रखती है। मेरे गाँव में एक मंदिर है। वहाँ रोज सुबह-शाम भगवान की पूजा-आरती होती है। मेरा गोव प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। मेरा गाँव मुझे बहुत प्यारा है।

मेरी दिनचर्या

- मैं रोज सुबह जल्दी उठ जाता हूँ। दातुन-कुल्ला कर मैं अपने मित्र के साथ खुली हवा में टहलने जाता है। घर वापस आने के बाद में नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं। बाद में मैं पढ़ने बैठता हूँ।
- दस बजते ही माँ मुझे भोजन के लिए बुलाती है। भोजन करके मैं पाठशाला जाता है। मैं रोज ठीक समय पर पाठशाला पहुँच जाता है। मैं पाठशाला में ध्यान लगाकर पढ़ता हैं।पाठशाला में 2 बजे आधे घंटे की छुट्टी होती है। इस छट्टी में मैं नाश्ताकरता हैं।शाम को 5 बजे पाठशाला की छुट्टी होती है। पाठशाला से मैं सीधे घर लौट आता हूँ। जलपान कर मैं मित्रों के साथ खेलने जाता हू। सूरज डूबने से पहले मैं पर लौट आता है। फिर भोजन करता है।भोजन के बाद में रात को 10 बजे तक पढ़ाई करता हूँ। मैं कुछ समय दूरदर्शन के कार्यक्रम देखता हूँ। फिर में दूध पीकर सोने जाता हूँ। सोने के पूर्व परमात्मा का स्मरण करता और सबको 'शुभ-रात्रि' कहता हूँ।

प्रश्न 6. पता कीजिए और लिखिए :

स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए, क्या नहीं?

(1 ) स्वस्थ रहने के लिए हमें यह करना चाहिए हररोज सुबह जल्दी उठना चाहिए।

नियमित दातुन / ब्रश करना चाहिए

-शौचक्रिया के बाद साबुन से हाथ धोने चाहिए।

-नियमित स्नान करके शरीर स्वच्छ रखना चाहिए।

-खाने से पहले हमेशा हाथ धोने चाहिए।

- उचित जगह पर कूड़ादान रखना चाहिए।

-कूड़ा कूड़ेदान में ही डालना चाहिए।

- हमें अपना मोहल्ला - अपना गाँव साफ रखना चाहिए।

(2) स्वस्थ रहने के लिए हमें यह नहीं करना चाहिए

-कूड़ा कूड़ेदान के बाहर नहीं फेंकना चाहिए।

-दातुन / ब्रश या स्नान में अनियमित नहीं रहना चाहिए।

-मैदान में इधर-उधर थूकना नहीं चाहिए।

-खुले में पेशाब या शौच नहीं करना चाहिए।

- हाथ धोए बिना खाना नहीं खाना चाहिए।